CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: devid.sharma@timesofindia.com Time: 03-29-2026 22:17 Color:



# देश के नक्सल फ्री होने के टारगेट में सिर्फ दो दिन बचे

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

File Photo


■ नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के देश को 31 मार्च तक नक्सल फ्री करने के टारगेट में अब दो दिन बचे हैं। इन 48 घंटों में सरकार देश को नक्सल फ्री होने की घोषणा कर सकती है। लेकिन, इससे पहले देशभर में नक्सलियों के टॉप कैडर में बचे गणपति उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव और मिशिर बेसरा का कोई हल निकालना होगा।

इनमें गणपति से अब कोई खतरा नहीं है। 80 साल का गणपति बूढ़ा हो गया है। बाकी बचा, मिशिर बेसरा। इसके बारे में इनपुट है कि वह अपने 50 से अधिक साथियों के साथ झारखंड में दुर्गम सारंडा जंगलों में छिपा हुआ है। झारखंड पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सारंडा जंगलों में खोज अभियान चलाया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि एक करोड़ रुपए से अधिक का इनामी मिशिर 31 मार्च तक ही आत्मसमर्पण कर दे, नहीं तो वह मुठभेड़ में भी मारा जा सकता है।

छत्तीसगढ़ भी एक तरह से नक्सल फ्री होने की कगार पर है। रविवार को सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना इलाके की पहाड़ी पर मुचाकी कैलाश नाम का एक नक्सली मारा गया।

## चुनावी ड्यूटी के लिए BSF में असिस्टेंट कमांडेंट की 'कमी'

File Photo


**ड्यूटी पर सीनियर अफसर यानी डिप्टी कमांडेंट को लगाने के आदेश**


■ **मनीष अग्रवाल, नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए पैरामिलिट्री (CAPF) के जवानों को तैनात करने के बीच एक समस्या सामने आती दिख रही है। बीएसएफ के कई असिस्टेंट कमांडेंट खासतौर से पश्चिम बंगाल में चुनावी ड्यूटी के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इनकी जगह अब इनके सीनियर डिप्टी कमांडेंट को लगाने के आदेश दिए गए हैं। इस वजह से जो डीसी छुट्टी पर गए थे, उनकी छुट्टियां रद्द की जा रही हैं।

**समय से प्रमोशन न मिलना वजह?** सूत्रों का कहना है, इसके पीछे वजह पैरामिलिट्री यानी CRPF, BSF, CISF, ITBP और SSB में काडर अधिकारियों को समय से प्रमोशन ना मिलने और 'ऑर्गनाइज्ड ग्रुप-ए सर्विस' के इन अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू ना करने से उपजी असंतुष्टि को भी माना जा रहा है।

### SSB में भी आ रही ऐसी ही समस्या

**एसएसबी** की तरफ से मेरठ में चुनावी ड्यूटी के लिए असिस्टेंट कमांडेंट की जगह इंस्पेक्टरों को कंपनी कमांडर बनाने के लिए कहा गया था। इसके बाद अब बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट की जगह डिप्टी कमांडेंट को लगाने की बात कही गई है। सूत्रों का कहना है कि इससे साफ जाहिर है कि सीएपीएफ के काडर-ए अधिकारियों में समय से प्रमोशन ना मिलने और अन्य मांग पूरी ना होने से कई अधिकारी चुनावी ड्यूटी से बचना चाह रहे हैं।




# ओरिएंट इलेक्ट्रिक का 'उज्ज्वल' कार्यक्रम इलेक्ट्रिशियनों के के लिए बना प्रगति का मजबूत आधार

भारत की प्रगति केवल बड़े शहरों या उद्योगों से नहीं, बल्कि उन लाखों हाथों से बनती है, जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी को चलाते हैं। इलेक्ट्रिशियन उन्हीं में से एक हैं, जो हमारे घरों, बाजारों और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को बिना रुके चलने में सक्षम बनाते हैं।

देश के कई हिस्सों में आज भी इलेक्ट्रिशियनों को औपचारिक प्रशिक्षण, नई तकनीकों की समझ और उद्योग में उचित पहचान नहीं मिल पाती। इसी वास्तविक जरूरत को समझते हुए, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने अपनी सीएसआर पहल 'उज्ज्वल' के माध्यम से एक ठोस और दीर्घकालिक प्रयास शुरू किया है जो इलेक्ट्रिशियनों को केवल प्रशिक्षित नहीं करता, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने का सही अवसर देता है।




इस पहल के तहत, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने स्किल इंडिया और समारम्भ फाउंडेशन के सहयोग से तीन वर्षों में 15,000 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 4,000 से अधिक केवल पिछले एक वर्ष में जुड़े हैं। आज 'उज्ज्वल' सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय स्तर का स्किल मूवमेंट बन चुका है, जिसकी पहुँच देश के कई शहरों और औद्योगिक क्लस्टर्स तक है।

अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित ये सत्र सिर्फ जानकारी नहीं देते, बल्कि प्रतिभागियों को वह व्यावहारिक समझ और आत्मविश्वास देते हैं, जिससे वे अपने काम को बेहतर तरीके से कर सकें और अपनी कमाई के अवसर बढ़ा सकें। 'उज्ज्वल' की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसका स्किल इंडिया के साथ संरेखण है, जिससे प्रशिक्षण को एक संरचित रूप मिलता है और प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेशन भी प्रदान किया जाता है।

यह सर्टिफिकेट केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिशियनों के लिए एक नई पहचान और भरोसे का प्रतीक बनता है, जो उन्हें बेहतर अवसरों से जोड़ता है। निरंतर प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सही दिशा के साथ, ओरिएंट इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिशियनों को एक मजबूत, सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य की ओर आगे बढ़ा रहा है, ताकि वे न सिर्फ अपने जीवन में बदलाव ला सकें, बल्कि देश के विकास में भी अपनी भूमिका और मजबूती से निभा सकें।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in